- *आगामी लोकसभा चुनाव के गठन के बाद उसके प्रथम अधिवेशन की प्रथम बैठक तक अपने पद पर बना रहता है।* ***लोकसभाध्यक्ष उपाध्यक्ष को अपना त्यागपत्र दे देता है।***
- ***लोकसभा के सदस्यों के बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा अपने पद से हटाया जा सकता है।***
- *लोकसभाध्यक्ष का कार्य एवं शक्तियाँ लोकसभा के संबंध में काफ़ी अधिक हैं, जिनका वर्णन निम्न प्रकार किया जा सकता है-*

राज्यों में लोकसभा सदस्यों की संख्या

1. उत्तर प्रदेश	80	2. महाराष्ट्र	48
3. पश्चिम बंगाल	42	4. बिहार	40
5. तमिलनाडु	39	6. मध्य प्रदेश	29
7. कर्नाटक	28	8. गुजरात	26
9. राजस्थान	25	10. आंध्र प्रदेश	25
11. ओडिशा	21	12.केरल	20
13. तेलंगाना	17	14. असम	14
15. झारखण्ड	14	16. पंजाब	13
17. छत्तीसगढ़	11	18. हरियाणा	10
19. जम्मू / कश्मीर	6	20. उत्तराखण्ड	5
21. हिमाचल प्रदेश	4	22.आंध्रप्रदेश	2
23. गोवा	2	24. मणिपुर	2
25. मेघालय	2	26. त्रिपुरा	2
27. मिजोरम	1	28. नागालैंड	1
29. सिक्किम	1		

केन्द्रशासित प्रदेशलोकसभा सदस्यों की संख्या

1. दिल्ली	7	2. अंडमान निकोबार	1
3. चण्डीगढ़	1	4 . दादरा / नागर हवेली	1
5. दमन एवं दीव	1	6. लक्षद्वीप	1
7. पुदुचेरी	1	8. जन्मुकश्मीर	5
9 लद्दाख	1		

क्षमा नहीं करे तो उसकी दल की सदस्यता समाप्त हो जाती है ।

- परिसीमन [Delimi]- "किसी राज्य के विभिन्न निर्वाचित मतदाताओं की संख्या में संतुलन बनाना ही परिसीमन कहलाता है।
- **1952, 63, 73, 2003. में परिसीमन किया जा चुका है।**
- **2026 तक राज्य वार लोकसभा सीटों की संख्या अपरिवर्तित रहेगी ।**
- वर्तमान में तेलंगाना की "मलकांन गिरी" सर्वाधिक मतदाताओं वाली लोकसभा सीट है।
- लक्षद्वीप में न्यूनतम मतदाता हैं।

राज्यसभा	**लोकसभा**
(1) "अनुच्छेद 19 के अनुसार राज्यसभा को नयी "अखिल भारतीय योजना के गठन का अधिकार है।	मंत्रिपरिषद् लोकसभा के प्रति उत्तरदायी होती है।
(2) अनुच्छेद 249 के अनुसार 2/3 बहुमत से किसी विषय को राष्ट्रीयता महत्वता घोषित कर सकती हैं इस स्थिति में उस पर कानून बनाने का अधिकार संसद को मिल सकता हैं	धन विधेयक, वित्त विधेयक लोकसभा में पुनः गठित के अनुसार किये जाते हैं।

संयुक्त बैठक अनुच्छेद- 108

- कोई विधेयक अधिनियम तभी बनता है जब दोनों सदनो द्वारा पारित कर दिया जाए।
- "किसी भी विधेयक का दोनों सदनों द्वारा पारित होना अनिवार्य है। (धन विधेयक को छोड़कर)
- यदि कोई विधेयक एक सदन द्वारा पारित करने के बाद दूसरे सदन द्वारा खारिज कर दिया जायें अथवा 6 माह तक रोक लिया जाये तो इस स्थिति में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलायी जा सकती हैं। संयुक्त बैठक में वह विधेयक साधारण बहुमत से पारित किया जा सकता है।
- संयुक्त बैठक की अध्यक्षता लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा की जाती हैं। उसकी अनुपस्थिती में लोकसभा उपाध्यक्ष, राज्यसभा के सभापति अथवा किसी अन्य वरिष्ठ सदस्य द्वारा अध्यक्षता की जा सकती हैं।

परन्तु उपराष्ट्रपति किसी भी स्थिति में इसकी अध्यक्षता नहीं करता

संसदो की निरर्हताएँ:-

- अनुच्छेद- 102 में संसदों की निरर्हता का उल्लेख हैं । इस सन्दर्भ में कोई भी मुकदमा सबसे उच्च न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है।
- अनुच्छेद- 103 में संसदो की निरर्हता का निर्णय राष्ट्रपति द्वारा लिया जाता है।
- अनुच्छेद- 101 यदि कोई सदस्य लगातार 60 बैठकों से अनुपस्थिति रहता हैं तो उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाती है।
- सु ब्रह्मण्यम स्वामी की सदस्यता आपातकाल इसी के तहत समाप्त की गयी थी।
- 1954 में H.G. बुडुगतल ने रिश्वत लेने के आधार पर लोकसभा से इस्तीफा लिया था ।
- ऑपरेशन चक्रव्यूह व ऑपरेशन दुर्योधन के दौरान भी लोकसभा के सदस्यों की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी।

सांसदों के विशेषाधिकार (Act-105)

अनुच्छेद - 105 के तहत सांसदों को विशेषाधिकार प्रदान किये गये हैं । सांसदों को संसद में या उसकी बैठकों में अभिव्यक्ति की असीमित स्वतंत्रता दी गयी हैं। संसद तथा संसदीय बैठकों में कही गई कोई बात पर कोई मुकदमा नहीं चलाया जा सकता हैं।

सांसदों के व्यक्तिगत आचरण पर आरोप नहीं किया जा सकता। (इसी आधार पर आर.के. करंजिया को दण्डित किया गया था)

- सत्र के 40 दिन पूर्व या 40 दिन पश्च्यात दीवानी मसलो पर सांसदों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता ।
- सत्र के दौरान आपराधिक मसलो में भी स्पीकर की अनुमति के बगैर सांसदों को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता ।

कोरम – किसी भी सदन की बैठक उस स्थिति में संचालित [अनु. 100 (iii)] की जा सकती हैं, **जब सदन की कुल संदस्य संख्या का 10% उपस्थित हों। यही कोरम हैं।**

लोकसभा व राज्यपाल के नियमानुसार कोरम हेतु 1/3 सदस्यों की आवश्यकता होती है ।

- **अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न**

1. भारत की संघीय व्यवस्थापिका को किस नाम से जाना जाता है ?
   (A) लोकसभा (B) राज्यसभा
   (C) प्रतिनिधि सभा (D) संसद
   उत्तर :-D

2. भारतीय संसद के कितने सदन हैं ?
   (A) एक (B) दो
   (C) तीन (D) चार
   उत्तर:-B

3. संसद के स्थायी सदन हैं ?
   (A) लोकसभा (B) राज्यसभा
   (C) उपयुक्त दोनों (D) इनमें से कोई नहीं
   उत्तर:-B

4. भारतीय संसद बनती है?
   (A) केवल लोकसभा द्वारा
   (B) राज्यसभा एवं लोकसभा के द्वारा
   (C) लोकसभा में राष्ट्रपति द्वारा
   (D) लोकसभा, राज्यसभा एवं राष्ट्रपति के द्वारा
   उत्तर :- (D)

5. निम्नलिखित में से कौन संसद का अनन्य भाग नहीं है ?
   (A) राष्ट्रपति (B) उपराष्ट्रपति
   (C) लोकसभा (D) राज्यसभा
   उत्तर:-B

6. राज्यसभा के बारे में कौन सा कथन गलत है ?
   (A) राज्यसभा एक स्थायी निकाय है
   (B) इसमें 3 अप्रैल 1952 को विधिवत् बनाया गया था।
   (C) राज्यसभा के 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते हैं।
   (D) राज्यसभा के एक तिहाई सदस्य प्रतिवर्ष रिटायर होते हैं।
   उत्तर :-D

7. लोक लेखा समिति का अध्यक्ष किसके द्वारा मनोनीत किया जाता है?
   (A) राष्ट्रपति (B) उपराष्ट्रपति
   (C) प्रधानमंत्री (D) लोकसभा अध्यक्ष
   उत्तर:-D

8. निम्नलिखित में किस राज्य में द्विपक्षीय विधायिका नहीं है।
   (A) महाराष्ट्र (B) बिहार
   (C) प. बंगाल (D) आंध्र प्रदेश
   उत्तर :-C

9. राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान करने वाले इलेक्टोरल कॉलेज में कौन होते हैं।
   (A) राज्यसभा के चुने हुए सदस्य
   (B) लोकसभा के चुने हुए सदस्य
   (C) लोकसभा राज्यसभा के चुने हुए सदस्य
   (D) लोकसभा, राज्यसभा, राज्यों और केन्द्र शासित राज्यों के चुने हुए सदस्य
   उत्तर :-D

गत परीक्षा में आये हुए प्रश्न :-

प्रश्न :- 1 अनुच्छेद 352 एवं अनुच्छेद 356 के मध्य सेतु के रूप में अनुच्छेद 355 की भूमिका को स्पष्ट करें? (RAS - 2018)

प्रश्न - 2 धन विधेयक को परिभाषित करें? (RAS - 2016)

- **अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न :-**

प्रश्न - 1 संसदीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को मजबूत करने में राज्यसभा की भूमिका पर चर्चा कीजिए?

प्रश्न - 2 क्या विभागों से संबंधित संसदीय स्थायी समितियां प्रशासन को अपने पैर की उंगलियों पर रखती हैं और संसदीय नियंत्रण के लिये समान प्रदर्शन हेतु प्रेरित करती हैं? उपर्युक्त उदाहरणों के

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

अध्याय – 25
राजस्थान की राज्य राजनीति
राज्य की राजनीतिक व्यवस्था
(परिचय)

राज्य की परिभाषा –

अरस्तु के अनुसार -"राज्य परिवारों और ग्रामों का एक समुदाय है इसका उद्देश्य पूर्ण और आत्मनिर्भर जीवन की प्राप्ति है।"

सिसरो के शब्दों में - " राज्य उस समुदाय को कहते हैं जिसमें यह भावना विद्यमान हो कि सब मनुष्य को उस समुदाय के लाभों को परस्पर साथ मिलकर उपभोग करना है।"

वुडरो विल्सन – "किसी निश्चित प्रदेश के भीतर कानून के लिए संगठित जनता को राज्य कहते हैं।"

ब्लंशली – "किसी निश्चित भू प्रदेश में राजनीतिक दृष्टि से संगठित व्यक्तियों को राज्य कहा जाता है।"



राज्य के तत्व

1. जनसंख्या (population) – राज्य मे जनसंख्या का होना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे किसी राज्य की कल्पना नही की जा सकती जिसमे कोई व्यक्ति नही रहता हो। इसलिए एक राज्य को राज्य तभी कहा जा सकता है जब उसमे एक निश्चित मात्रा मे जनसंख्या हो।

2.- निश्चित क्षेत्र या भूभाग (territory)– राज्य के लिए एक निश्चित भू-भाग होना आवश्यक है। निश्चित भू-भाग राज्य का दूसरा आवश्यक तत्व है, जनसंख्या की तरह ही निश्चित भू-भाग के बिना भी राज्य की कल्पना नही की जा सकती।

3.- सरकार (government)– राज्य का तीसरा महत्वपूर्ण आवश्यक तत्व राज्य मे सरकार या शासन का होना है। सरकार को राज्य की आत्मा कहा जाता है। किसी निश्चित भू-भाग पर रहने वाले लोगों को तब तक राज्य नही कहा जा सकता, जब तक वहां कोई शासन न हो। ऐसी संस्था का होना आवश्यक है जिसका आदेश मानना हर व्यक्ति के लिए आवश्यक हो।

4.- संप्रभुता (sovereignity) – संप्रभुता राज्य होने की पहचान है। किसी समाज मे अन्य तीन तत्वो के होने पर भी जब तक उसमें संप्रभुता न हो वह राज्य नही बन सकता राज्य मे। नियमों को लागू करने वाली एजेन्सी हो सकती है परन्तु संप्रभुता नही हो सकती। संप्रभुता केवल राज्य की ही विशिष्टता है और यह राज्य का आवश्यक अंग भी है।

राज्यपाल

- भारतीय संविधान के भाग-VI में राज्य शासन के लिए प्रावधान किया गया है । यह प्रावधान पहले जम्मू-कश्मीर को छोड़कर सभी राज्यों के लिए लागू होता था लेकिन अब सभी राज्यों के लिए लागू होता है।
- राज्य में राज्यपाल का उसी प्रकार से स्थान है जिस प्रकार से देश में राष्ट्रपति का (कुछ मामलों को छोड़कर)।

- *अनुच्छेद 153 के तहत प्रत्येक राज्य के लिए एक राज्यपाल होगा।* ***लेकिन 7वें संविधान संशोधन-1956 द्वारा इसमें एक अन्य प्रावधान जोड़ दिया गया जिसके अनुसार एक ही व्यक्ति दो या दो से अधिक राज्यों के लिए भी राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है।***

- ***अनुच्छेद 154*** *के तहत राज्य की कार्यपालिका का प्रमुख "राज्यपाल" होता है लेकिन* ***अनुच्छेद 163*** *के तहत राज्यपाल अपनी स्व-विवेक शक्तियों के अलावा सभी कार्य मंत्रिपरिषद की सलाह पर करता है अर्थात राज्यों में राज्यपाल की स्थिति कार्यपालिका के प्रधान की होती है परंतु वास्तविक शक्ति मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद में निहित होती है।*
- ***अनुच्छेद 155*** *के अनुसार राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है अर्थात् राज्यपाल की नियुक्ति के संदर्भ में राष्ट्रपति अधिपत्र (वारंट) जारी करते है जिसे मुख्य सचिव पढ़कर सुनाता है।*

- ***राज्यपाल की नियुक्ति का प्रावधान ' कनाडा ' से लिया गया है।***

संविधान लागू होने से लगाकर वर्तमान तक राज्यपाल की नियुक्ति के संबंध में कुछ परंपराएं बन गई जो निम्न है –
(i) संबंधित राज्य का निवासी नहीं होना चाहिए ताकि वह स्थानीय राजनीति से मुक्त रहे।
(ii) राज्यपाल की नियुक्ति के समय राष्ट्रपति संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श ले ताकि समय दानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो

राज्यपाल की नियुक्ति के संबंध में गठित प्रमुख आयोग व उनकी सिफारिश

सरकारिया आयोग

गठन-1983 रिपोर्ट- 1987 अध्यक्ष- रणजीत सिंह सरकारिया

सिफारिश –
- *राज्यपाल ऐसे व्यक्ति को बनाया जाना चाहिए जो किसी क्षेत्र विशेष में प्रसिद्ध हो।*
- *राज्य के बाहर का निवासी होना चाहिए।*
- *राजनीतिक रूप से तटस्थ व्यक्ति होना चाहिए।*
- *सक्रिय राजनीती में भागीदारी नहीं ले रहा हो राज्यपाल की नियुक्ति से पूर्व राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श लिया जाए।*
- *5 वर्ष की निश्चित पदावली हो।*
- *राज्यपाल को हटाए जाने से पूर्व एक बार चेतावनी देनी चाहिए अथवा पूर्व सूचना दी जानी चाहिए ।*

द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग

वर्ष 2005 में वीरप्पा मोइली (कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री) की अध्यक्षता में गठित। वर्ष 2010 में इसने अपना प्रतिवेदन दिया।

सिफारिश –
- *इस आयोग के अनुसार राज्यपाल की नियुक्ति के संदर्भ में* ***कॉलेजियम व्यवस्था*** *होनी चाहिए। प्रधानमंत्री इसका अध्यक्ष होगा जबकि उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष, गृहमंत्री तथा लोकसभा में विपक्ष का नेता इसके सदस्य होंगे लेकिन सुझाव स्वीकार नहीं किया गया था।*

पूंछी आयोग

गठन-2007 रिपोर्ट- 2010 अध्यक्ष- मदनमोहन पूंछी

सिफारिश –
- *केंद्र राज्य संबंधों की जांच हेतु गठित पूंछी आयोग ने राज्यपाल को हटाने के लिए विधानमंडल में महाभियोग की प्रक्रिया अपनाने का सुझाव दिया।*
- *राज्यपाल को किसी भी विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति नहीं बनाना चाहिए।*
- *राज्य की विधानसभा में पारीत विधेयक पर राज्यपाल को 6 माह में निर्णय लेना चाहिए ।*

राजमन्नार आयोग

गठन-1969 रिपोर्ट- 1971 अध्यक्ष- डॉ. वी.पी. राजमन्नार

NOTE- सरकारिया आयोग, राजमन्नार आयोग व पूंछी आयोग का संबंध राज्यपाल की नियुक्ति और केंद्र-राज्य संबंधो से है ।

अनुच्छेद 156 *इस अनुच्छेद में राज्यपाल की पदावधि/ कार्यकाल का उल्लेख लिया गया है। अर्थात राज्यपाल अपने पद ग्रहण की तारीख से 5 वर्ष तक पद पर बना रहेगा।*

(1) जहाँ राज्यपाल अनुमति देता है तो वह अधिनियम अविधिमान्य नहीं होगा।

(2) राज्यपाल संवैधानिक प्रावधानों के अतिक्रमण के आधार पर अनुमति देने से इंकार कर सकता है।

(3) राज्यपाल ऐसे विधेयक को राष्ट्रपति कीअनुमति के लिये भेज देगा।

(4) यदि राज्यपाल या राष्ट्रपति अनुमति दे तो न्यायालय संवैधानिक उपबन्धों के आधार पर उसे असंवैधानिक घोषित कर देगा।

उत्तर – (1)

- राष्ट्रपति के लिए आरक्षित विधेयक जब राष्ट्रपति के निर्देश पर पुनर्विचार के लिए विधान मंडल को लौटा दे तो ऐसे लौटाए जाने पर विधानमंडल 6 माह के भीतर उस पर पुनर्विचार करेगा और यदि उसे पुनः पारित किया जाता है तो विधेयक राष्ट्रपति को पुनः प्रस्तुत किया जाएगा।किंतु इस पर भी राष्ट्रपति के लिए अनुमति देना अनिवार्य नहीं है। **(अनुच्छेद 201)**
- राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रख सकता है । यह आरक्षित विधेयक तभी प्रभावी होगा जब राष्ट्रपति उसे अनुमति प्रदान करदें। राज्यपाल को राष्ट्रपति के लिए विधेयक आरक्षित करना उस समय अनिवार्य है जब विधेयक उच्च न्यायालय की शक्तियों का अल्पीकरण करता है जिससे यदि विधेयक विधि बन जाएगा तो उच्च न्यायालय की संवैधानिक स्थिति को खतरा होग

- **अनुच्छेद 213** जब राज्य विधानमंडल का सत्र नहीं चल रहा हो तो वह अनुच्छेद 213 के तहत अध्यादेश जारी कर सकता है। यह अध्यादेश विधानमंडल के सत्र में आने के 6 सप्ताह तक जारी रहता है। अध्यादेश उसी विषय पर जारी किया जा सकता है जिन विषयों पर राज्य विधानमंडल को कानून बनाने का अधिकार होता है। अध्यादेश का वही महत्व है जो राज्य विधान मंडल द्वारा बनाए गए कानून का होता है। अध्यादेश राज्यपाल का स्व- विवेक नहीं है तथा अध्यादेश भी विधि होने के कारण न्यायपालिका में चुनौती देने योग्य है। अध्यादेश दो तरीकों से समाप्त किया जा सकता है- (i) निर्धारित अवधि में विधान मंडल द्वारा स्वीकृत नहीं किए जाने पर (ii) राज्यपाल से कभी भी वापस ले सकते हैं।
- **अनुच्छेद 333** के तहत राज्यपाल उचित प्रतिनिधित्व नहीं होने की स्थिति में राज्य विधानसभा में एक ऐंग्लो इंडियन को मनोनीत कर सकता है। **(NOTE- 104वें संविधान संशोधन 2019 के तहत इस प्रावधान को निरसित के दिया गया है ।)**

3. <u>वित्तीय अधिकार –</u>

- **अनुच्छेद 202** के तहत राज्यपाल प्रत्येक वित्तीय वर्ष में वित्त मंत्री को विधानमंडल के सम्मुख वार्षिक वित्तीय विवरण (राज्य बजट) प्रस्तुत करने के लिए कहता है।
- **अनुच्छेद 198** के तहत विधान सभा में धन विधेयक राज्यपाल की पूर्वानुमति से ही पेश किया जा सकता है।
- राज्यपाल की संस्तुति के बिना अनुदान की किसी मांग को विधानमंडल के सम्मुख नहीं रखा जा सकता।
- राज्यपाल द्वारा राज्य वित्त आयोग का गठन तथा अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति करता है (अनुच्छेद 243 **I**-पंचायतीराज, अनुच्छेद 243 **Y**- नगर निकायों के लिए)
- **अनुच्छेद 267** के तहत राज्य की आकस्मिक निधि पर नियंत्रण राज्यपाल का होता है तथा इस निधि से पैसे निकालने के लिए राज्यपाल की अनुमति आवश्यक है।

4. <u>न्यायिक अधिकार –</u>

- **अनुच्छेद 161** राज्यपाल की न्यायिक शक्ति के अंतर्गत वह किसी दंड को क्षमा, उसका प्रबिलम्बन, विराम या परिहार कर सकता है या किसी दंडा देश का निलंबन, परिहार या लघुकरण कर सकता है।
- यह ऐसे व्यक्ति के संबंध में होगा जिसे ऐसी विधि के अधीन अपराध के लिए सिद्ध दोष ठहराया गया है जिस के संबंध में राज्य की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार है । (अनुच्छेद 161)

  नोट – राष्ट्रपति को सभी प्रकार के मृत्युदंड आदेश के मामले में क्षमादान की शक्ति प्राप्त है जबकि **राज्यपाल को मृत्युदंड आदेश के मामले में ऐसी शक्ति प्राप्त नहीं है** । इसी प्रकार राष्ट्रपति को सेना न्यायालय (कोर्ट-मार्शल) के दंडा देश के मामले

सुचना में पक्षकारको अपना नाम, पता, कार्यवाही की प्रकृति इत्यादि का विवरण देना होता है।

राजस्थान में राज्यपाल

- राजस्थान राज्य के प्रथम राज्यपाल सरदार गुरुमुख निहाल सिंह थे।
- राजस्थान के प्रथम कार्यवाहक राज्यपाल जगत नारायण जी थे।
- 30 मार्च,1949 – 31 अक्टूबर, 1956 तक राजस्थान में राजप्रमुख का पद था। इस पद पर जयपुर के महाराजा सवाई मानसिंह-II को नियुक्त किया गया जो राजस्थान के पहले राज्यप्रमुख थे जिन्हें राज्यपाल के समकक्ष माना जाता है । 1 नवंबर, 1956 को संविधान संशोधन द्वारा राजस्थान में राज्यप्रमुख व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया था।
- राजस्थान राज्य की प्रथम महिला राज्यपाल श्रीमती प्रतिभा पाटिल बनी ,दूसरी महिला राज्यपाल श्रीमती प्रभाराव तथा श्रीमती मार्गेट अल्वा राजस्थान की तीसरी महिला राज्यपाल थी।
- राज्यपाल डॉ संपूर्णानंद के कार्य काल में राज्य में पहली बार 13 मार्च 1967 से 26 अप्रैल 1967 तक राष्ट्रपति शासन लागू हुआ था।

अधिरोपण की तारीख	प्रत्यावर्तन की तारीख	राष्ट्रपति शासन लागु होने का कारण
13 मार्च 1967	26 अप्रैल 1967	चुनाव के अनिश्चित परिणाम
29 अप्रैल 1977	22 जून 1977	सरकार ने विधानसभा में बहुमत के समर्थन के बावजूत हरी देव जोशी को ख़ारिज कर दिया।
16 फरवरी 1980	6 जून 1980	सरकार ने भैरोसिंह शेखावत को विधानसभा में बहुमत में समर्थन देने के बावजूद बरवसित कर दिया था।
15 दिसंबर 1992	4 दिसंबर 1993	सरकार ने भैरोसिंह शेखावत को विधानसभा में बहुमत से समर्थन देने के बावजूद बरवसित कर दिया।

Q. राजस्थान राज्य में 30 जून 2016 तक कितनी बार राष्टपति शासन लागु किया गया है ? (RAS. Pre. 2015, 2016)

(a) 5 बार
(b) 3 बार
(c) 6 बार
(d) 4 बार
उत्तर – d

- अब तक चार राज्यपाल की अपने पद पर रहकर मृत्यु हुई है -

1. दरबारसिंह (वर्ष 1998)
2. निर्मलचंद्र जैन (वर्ष 2003)
3. शैलेंद्रकुमार (वर्ष 2009)
4. प्रभाराव (वर्ष 2010)

NOTE – श्रीमती प्रभाराव राजस्थान की प्रथम महिला राज्यपाल थी जिनकी पद पर रहते हुए मृत्यु हुई ।

- राजस्थान के प्रथम राज्यपाल जिन्होंने पद से त्यागपत्र दिया- **मदन लाल खुराना**
- दूसरे राज्यपाल जिन्होंने पद से त्यागपत्र दिया- **प्रतिभा पाटिल**

- राजस्थान के ऐसे राज्यपाल हैं जो लोकसभा अध्यक्ष भी रहे हैं- **बलिराम भगत**
- राजस्थान के प्रथम राज्यपाल जिन्हें बर्खास्त किया गया- **रघुकुल तिलक**
- राजस्थान में सर्वाधिक कार्यकाल वाले राज्यपाल- **गुरुमुख निहाल सिंह**
- राजस्थान में न्यूनतम कार्यकाल वाले राज्यपाल- **टी.वी. राजेश्वर**
- राजस्थान में अब तक 17 बार कार्यवाहक राज्यपाल बने जा चुके हैं।
- वर्तमान में कलराज मिश्र राजस्थान के राज्यपाल हैं।
- राजस्थान के राज्यपाल का ग्रीष्मकालीन प्रवास माउंट आबू राजस्थान में स्थित राजभवन में होता है यह भवन 1868 में भारत के गवर्नर जनरल के ए. जी. जी. के रेजिडेंस के तौर पर बनाया गया था।

राजस्थान के राज्यपालों की सूची –

क्र.	राज्यपाल	कार्यकाल
1.	सवाई मानसिंह-II (प्रथम राजप्रमुख)	30 मार्च,1949 - 31 अक्टूबर,1956
2.	सरदार गुरुमुख निहाल सिंह (प्रथम राज्यपाल)	1नवम्बर, 1956 – 15 अप्रैल, 1962
3.	डॉ.सम्पूर्णानंद	16 ,अप्रैल 1962 – 15 अप्रैल, 1967
4.	सरदार हुकुमसिंह	16 अप्रैल, 1967 – 19 नवम्बर, 1970
5.	जस्टिस जगतनारायण (कार्यवाहक)	20 नवम्बर, 1970 – 23 दिसम्बर, 1970
6.	सरदार हुकुमसिंह	24 दिसम्बर, 1970 – 30 जून, 1972
7.	सरदार जोगिन्दर सिंह	1 जुलाई, 1972 – 14 फरवरी, 1977
8.	जस्टिस वेदपाल त्यागी (कार्यवाहक)	15 फरवरी, 1977 – 11 मई, 1977
9.	श्री रघुकुल तिलक	12 मई, 1977 - 8 अगस्त, 1981
10.	जस्टिस के.डी. शर्मा (कार्यवाहक)	8 अगस्त, 1981 – 5 मार्च, 1982
11.	एअरचीफमार्शल ओ.पी. मेहरा	6 मार्च, 1982 - 4 जनवरी, 1985
12.	जस्टिसपी.के. बनर्जी (कार्यवाहक)	5 जनवरी, 1985 – 31 जनवरी, 1985
13.	एअरचीफ मार्शल ओ.पी. मेहरा	1 फरवरी, 1985 - 3 नवम्बर, 1985
14.	जस्टिस डी.पी. गुप्ता (कार्यवाहक)	4 नवम्बर, 1985 – 19 नवम्बर, 1985
15.	जस्टिस जगदीश शरण वर्मा (कार्य.)	20 नवम्बर, 1985 – 14 अक्टूबर, 1987
16.	श्री वसन्तराव पाटिल	15 अक्टूबर, 1987 – 19 फरवरी, 1988
17.	श्री सुखदेव प्रसाद	20 फरवरी, 1988 – 2 फरवरी, 1989
18.	जस्टिस जगदीश शरण वर्मा (कार्य.)	3 फरवरी, 1989 – 19 फरवरी, 1989

• नागरिक अधिकार - पत्र घोषणा पत्र

नागरिक घोषणापत्र (Citizen Charter) के बारे में -

- नागरिक घोषणापत्र एक ऐसा लिखित दस्तावेज है जिसमें संगठन की अपनी सेवाओं के मानक, संगठन संबंधी सूचनाओं, पसंद और परामर्श, सेवाओं तक भेदभाव रहित पहुँच, शिकायत निवारण एवं शिष्टाचार आदि के संबंध में अपने नागरिकों के प्रति प्रतिबद्धताओं का व्यवस्थित विवरण होता है ।
- यह पत्र में सार्वजनिक सेवाओं का नागरिक केंद्रित होना सुनिश्चित किया जाता है।
- यह सुशासन के तीन महत्त्वपूर्ण घटकों यथा- पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं जवाबदेहिता को लागू करने तथा सरकार एवं नागरिकों के मध्य अंतराल को कम करने के लिये एक महत्त्वपूर्ण साधन है।
- वर्ष 1992 में यूनाइटेड किंगडम की सरकार ने अपने नागरिकों के लिए सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के मुख्य उद्देश्य के साथ सिटीजन चार्टर की इस अवधारणा को पेश किया। नागरिक चार्टर के सिद्धांत इस प्रकार थे:

a. गुणवत्ता: सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार
b. जहाँ भी संभव हो विकल्पों को बढ़ाना
c. मानक: मानकों की पूर्ति हेतु निर्देशन
d. करदाताओं के पैसे का मूल्य
e. व्यक्तिगत लोक सेवकों और सार्वजनिक कार्यालयों की जवाबदेही

सिटीजन चार्टर के भाग

सरकारी नागरिक चार्टर के नियमों और प्रक्रियाओं की पारदर्शिता तीन भागों से बनती है।

A. विभाग का विजन और मिशन स्टेटमेंट
B. आई.टी.आई द्वारा विभाग और सेवाओं को पूरा किया गया
C. नागरिकों के कर्तव्य और दायित्व

भारत में नागरिक घोषणापत्र

- ब्रिटेन में लोक सेवाओं में दक्षता लाने के लिये वर्ष 1991 में नागरिक घोषणापत्र लागू किया गया।
- भारत में वर्ष 1997 में भारतीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन में प्रभावी एवं जिम्मेदार प्रशासन हेतु एजेंडा पर सिफारिश की गई कि सभी लोक संगठनों के लिये नागरिक घोषणापत्र लाने के प्रयास किये जाएँ।
- इसके तहत चिन्हित मंत्रालयों एवं विभागों में नागरिक घोषणापत्र के निर्माण की निगरानी हेतु एक समिति का गठन किया गया।
- वर्ष 2004 में प्रशासनिक सुधार एवं शिकायत निवारण विभाग ने नागरिक घोषणापत्र पर एक प्रपत्र प्रस्तुत किया जिसमें आदर्श नागरिक घोषणापत्र के मार्गदर्शक सिद्धांत बताए गए।
- इसके अनुसार घोषणापत्र में निम्नलिखित बिंदु सम्मिलित होने चाहिये:

1. विज़न एवं मिशन का विवरण।
2. संगठन द्वारा संपादित कार्यों का विवरण।
3. संगठन से जुड़े ग्राहक समूहों का विवरण।
4. ग्राहकों को प्रदत्त सेवाओं का विवरण।
5. जन शिकायत निवारण से संबंधित जानकारी।
6. चार्टर का सरल होना आवश्यक।

सेवा प्रदायगी में नागरिक घोषणापत्र की भूमिका

- सेवा प्रदायगी को बेहतर करना अर्थात् सार्वजनिक सेवाओं की समय पर गुणवत्तापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायक होता है।
- नागरिकों के प्रति अधिकारियों की ज़िम्मेदारी एवं जबावदेही को सुनिश्चित करता है।
- पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं जबावदेही को सुनिश्चित कर प्रशासन में जनता की भागीदारी बढ़ाने में सहायक होता है ।
- नागरिकों को जन सेवाओं की प्राप्ति संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक करने में सहायक होता है।
- यह सुनिश्चित करता है कि शिकायत के संबंध में कहाँ संपर्क करना है।
- कर्मचारियों में अपने कार्य के प्रति सकारात्मक दबाव एवं प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने में सहायक होता है जिसका सीधा लाभ नागरिकों को प्राप्त होता है।
- नागरिकों एवं प्रशासन के मध्य अंतराल को कम करने में सहायक होता है।

D. सुशासन अधिनियम

उत्तर (C)

5. राजस्थान जन सुनवाई का अधिकार अधिनियम 2012 कब लागू हुआ ?

A. 01 अगस्त, 2012

B. 01 मई, 2012

C. 01 अप्रैल, 2012

D. 01 दिसम्बर, 2012

उत्तर (A)

विश्व राजनीति

अध्याय – 1

शीत युद्धोत्तर दौर में उदीयमान विश्व-व्यवस्था

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद के काल में संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत रूस के बीच उत्पन्न तनाव की स्थिति को **शीत युद्ध** के नाम से जाना जाता है। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और रूस ने कंधे से कन्धा मिलाकर धूरीराष्ट्रों- जर्मनी, इटली और जापानके विरुद्ध संघर्ष किया था। किन्तु युद्ध समाप्त होते ही, एक ओर ब्रिटेन तथा संयुक्त राज्य अमेरिका तथा दूसरी ओर सोवियत संघ में तीव्र मतभेद उत्पन्न होने लगा। बहुत जल्द ही इन मतभेदों ने तनाव की भयंकर स्थिति उत्पन्न कर दी।

Note :- द्वितीय विश्व युद्ध 1 सितम्बर 1939 से प्रारंभ होकर 2 सितम्बर 1945 तक मित्र राष्ट्र और धूरी राष्ट्रों के मध्य हुआ ।

मित्र राष्ट्र – ब्रिटेन USA , सोवियत संघ , चीन आदि ।

धूरी राष्ट्र – जर्मनी, जापान , इटली आदि

रूस के नेतृत्व में साम्यवादी और अमेरिका के नेतृत्व में पूँजीवादी देश दो खेमों में बँट गये। इन दोनों पक्षों में आपसी टकराहट आमने सामने कभी नहीं हुई, पर ये दोनों गुट इस प्रकार का वातावरण बनाते रहे कि युद्ध का खतरा सदा सामने दिखाई पड़ता रहता था। बर्लिन संकट, कोरिया युद्ध, सोवियत रूस द्वारा आणविक परीक्षण, सैनिक संगठन, हिन्द चीन की समस्या, यू-2 विमान काण्ड, क्यूबा मिसाइल संकट कुछ ऐसी परिस्थितियाँ थीं जिन्होंने शीतयुद्ध की अग्नि को प्रज्वलित किया। सन् 1991 में सोवियत रूस के विघटन से उसकी शक्ति कम हो गयी और शीत युद्ध की समाप्ति हो गयी।

शीत युद्ध का अर्थ

जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यह अस्त्र-शस्त्रों का युद्ध न होकर धमकियों तक ही सीमित युद्ध है। इस युद्ध में कोई वास्तविक युद्ध नहीं लड़ा गया। यह केवल परोक्ष युद्ध तक ही सीमित रहा। इस युद्ध में दोनों महाशक्तियों ने अपने वैचारिक मतभेद

ही प्रमुख रखे। यह एक प्रकार का कूटनीतिक युद्ध था जो महाशक्तियों के संकीर्ण स्वार्थ सिद्धियों के प्रयासों पर ही आधारित रहा।

शीत युद्ध एक प्रकार का वाक् युद्ध था जो कागज के गोलों, पत्र-पत्रिकाओं, रेडियो तथा प्रचार साधनों तक ही लड़ा गया। इस युद्ध में न तो कोई गोली चली और न कोई घायल हुआ। इसमें दोनों महाशक्तियों ने अपना सर्वस्व कायम रखने के लिए विश्व के अधिकांश हिस्सों में परोक्ष युद्ध लड़े। युद्ध को शस्त्रायुद्ध में बदलने से रोकने के सभी उपायों का भी प्रयोग किया गया, यह केवल कूटनीतिक उपायों द्वारा लड़ा जाने वाला युद्ध था जिसमें दोनों महाशक्तियां एक दूसरे को नीचा दिखाने के सभी उपायों का सहारा लेती रही। इस युद्ध का उद्देश्य अपने-अपने गुटों में मित्र राष्ट्रों को शामिल करके अपनी स्थिति मजबूत बनाना था ताकि भविष्य में प्रत्येक अपने अपने विरोधी गुट की चालों को आसानी से काट सके। यह युद्ध द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका और सोवियत संघ के मध्य पैदा हुआ। अविश्वास व शंका की अन्तिम परिणति था।

शीतयुद्ध की उत्पत्ति

शीतयुद्ध के लक्षण द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ही प्रकट होने लगे थे, जब दोनों महाशक्तियां अपने-अपने संकीर्ण स्वार्थों को ही ध्यान में रखकर युद्ध लड़ रही थी और परस्पर सहयोग की भावना का दिखावा कर रही थी। जो सहयोग की भावना युद्ध के दौरान दिखाई दे रही थी, वह युद्ध के बाद समाप्त होने लगी थी और शीतयुद्ध के लक्षण स्पष्ट तौर पर उभरने लग गए थे, दोनों गुटों में ही एक दूसरे की शिकायत करने की भावना प्रबलित हो गई थी। इन शिकायतों के कुछ सुदृढ़ आधार थे। ये पारस्परिक मतभेद ही शीतयुद्ध के प्रमुख कारण थे, शीतयुद्ध की उत्पत्ति के प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं-

शीत युद्ध के उदय के कारण

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शीत युद्ध के उदय के निम्नलिखित कारण थे

(1) ऐतिहासिक कारण -

सामान्यतः **शीत युद्ध** की उत्पत्ति का कारण सन् 1917 की बोल्शेविक क्रान्ति मानी जाती है। बोल्शेविक क्रान्ति के पश्चात् रूस में साम्यवाद का उदय हुआ और पश्चिमी राष्ट्र इसके बढ़ते हुए प्रभाव को देखकर शंकित होने लगे। उन्होंने इसे विश्व में फैलने से रोकने के लिए इसको समाप्त करने का विचार बना लिया तथा हिटलर को रूस पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया गया।

(2) द्वितीय मोर्चे का प्रश्न -

द्वितीय विश्व युद्ध में हिटलर द्वारा अत्यधिक हानि पहुँचाएं जाने पर स्टालिन ने मित्र राष्ट्रों से अनुरोध किया कि वे हिटलर के विरुद्ध दूसरा मोर्चा खोल दें, लेकिन रूजवेल्ट और चर्चिल काफी समय तक टालते रहे । इससे स्टालिन की समझ में यह बात आ गई कि पश्चिमी देश रूस को नष्ट हुआ देखना चाहते हैं।

(3) युद्धोत्तर उद्देश्य में अन्तर -

सोवियत संघ और पश्चिमी देशों के युद्धोपरान्त उद्देश्यों में भी अन्तर था । भविष्य में जर्मनी से अपनी सुरक्षा के लिए सोवियत संघ यूरोप के देशों को अपने प्रभाव क्षेत्र में लाना चाहता था, लेकिन पश्चिमी राष्ट्र सोवियत संघ के प्रभाव क्षेत्र को सीमित करने के लिए कटिबद्ध थे।

(4) सोवियत संघ द्वारा याल्टा समझौते की अवहेलना -

सन् 1945 में याल्टा सम्मेलन में स्टालिन, रूजवेल्ट और चर्चिल ने कुछ समझौते किए थे, लेकिन स्टालिन ने पोलैण्ड में अपनी संरक्षित लूबनिन सरकार लादने का प्रयत्न किया। उसने चेकोस्लोवाकिया, बुल्गारिया, हंगरी तथा रूमानिया से युद्ध-विराम समझौते और याल्टा और पोट्सडाम सन्धियों का उल्लंघन किया और मित्र राष्ट्रों से सहयोग करने से इन्कार कर दिया।

(5) रूस द्वारा बाल्कन समझौते का अतिक्रमण -

सोवियत संघ ने सन् 1944 में चर्चिल के पूर्वी यूरोप के विभाजन को स्वीकार कर लिया था। किन्तु युद्ध की समाप्ति पर सोवियत रूस ने समझौते का अतिक्रमण करते हुए साम्यवादी दलों को खुलकर सहायता दी और यहाँ सर्वहारा की तानाशाही स्थापित कर दी गई। इससे पश्चिमी देशों का नाराज होना स्वाभाविक था।

सर्वहारा :- यहाँ सर्वहारा से तात्पर्य समाज की नीचे वाली श्रेणी के लोगों से है जैसे – मजदूर

Note :- साम्यवादी :- साम्यवाद एक ऐसी राजनीतिक विचारधारा है जिसमें संरचनात्मक स्तर पर समतामूलक वर्गहीन समाज की स्थापना पर जोर दिया जाता है ।

(6) ईरान से सोवियत सेना का न हटाया जाना —

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सोवियत सेना ने ब्रिटेन की सहमति से उत्तरी ईरान पर अधिकार जमा लिया था। युद्धोपरान्त सोवियत संघ ने वहाँ से सेना हटाने से इन्कार कर दिया। बाद में संयुक्त राष्ट्र संघ के दबाव के फलस्वरूप ही सोवियत संघ ने वहाँ से सेनाएँ हटाईं। इससे भी पश्चिमी राष्ट्र नाराज हो गए।

(7) यूनान में सोवियत संघ का हस्तक्षेप –

सन् 1944 में एक समझौते के द्वारा यूनान ब्रिटेन के अधिकार क्षेत्र में स्वीकार कर लिया गया था, परन्तु बाद में सोवियत संघ के प्रोत्साहन से पड़ोसी साम्यवादी राष्ट्रों-अल्बानिया, यूगोस्लाविया एवं बुल्गारिया आदि द्वारा यूनानी कम्युनिस्ट छापामारों को परम्परागत राजतन्त्री शासन उखाड़ फेंकने के लिए सहायता दी जाने लगी।

(8) टर्की पर सोवियत संघ का दबाव -

युद्ध के तुरन्त बाद सोवियत संघ नेरी के कुछ प्रदेश और वास्फोरस में नाविक अड्डा बनाने का अधिकार देने के लिए दबाव डालना शुरू किया, परन्तु पश्चिमी देश इसके विरुद्ध थे।

(9) परमाणु बम का आविष्कार -

शीत युद्ध के सूत्रपात का एक अन्य कारण परमाणु बम का आविष्कार था। अमेरिका और ब्रिटेन को परमाणु बम पर अभिमान हो गया था। सोवियत संघ से परमाणु बम के रहस्य को छुपाया गया। अतः इस कारण भी दोनों पक्षों में मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

(10) सोवियत संघ द्वारा अमेरिका विरोधी प्रचार -

द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के पूर्व से ही सोवियत संघ के प्रमुख समाचार-पत्रों में अमेरिका विरोधी लेख प्रकाशित होने लगे। अमेरिका ने इस प्रचार अभियान का विरोध किया।

(11) पश्चिम की सोवियत विरोधी नीति और प्रचार अभियान -

पश्चिम की सोवियत विरोधी नीति ने जलती आग में घी का कार्य किया। 18 अगस्त, 1945 को अमेरिका के राज्य सचिव और ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने अपनी विज्ञप्ति में कहा कि "हमें तानाशाही के एक स्वरूप के स्थान पर उसके दूसरे स्वरूप के संस्थापन को रोकना है।" अतः सोवियत संघ एवं अमेरिका में मतभेद और उग्र हो गए।

(12) बर्लिन की नाकेबन्दी -

सोवियत संघ द्वारा लन्दन प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए बर्लिन की नाकेबन्दी कर दी गई। इसे पश्चिमी देशों ने सुरक्षा परिषद् में रखा और शान्ति के लिए घातक बताया।।

(13) सोवियत संघ द्वारा वीटो का बार-बार प्रयोग -

सोवियत संघ ने अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रत्येक प्रस्ताव को निरस्त करने के लिए बार-बार वीटो का प्रयोग किया। वीटो के इस दुरुपयोग के कारण पश्चिमी राष्ट्र सोवियत संघ की आलोचना करने लगे।

वीटो – UNSC में 5 स्थायी देशों – चीन , फ्रांस , रूस , USA , ब्रिटेन को वीटो पॉवर प्राप्त है । वीटो का अर्थ है, "मैं अनुमति नहीं देता हूँ " यदि UN में किसी भी प्रकार का प्रस्ताव रखा जाता है और कोई एक स्थायी देश अपनी वीटो का इस्तेमाल करके प्रस्ताव के खिलाफ वोट करता है तो यह प्रस्ताव रद्द हो जाता है ।

(14) सोवियत संघ की लैण्ड -

लीज सहायता बन्द करना-लैण्ड-लीज एक्ट के अन्तर्गत सोवियत संघ को अमेरिका द्वारा दी जा रही अल्प सहायता राष्ट्रपति ट्रूमैन द्वारा बन्द किए जाने पर सोवियत संघ असन्तुष्ट हो गया। इससे भी शीत युद्ध को बढ़ावा मिला।

(15) सैद्धान्तिक व वैचारिक संघर्ष -

यह एक वैचारिक संघर्ष था, क्योंकि अमेरिका एक पूँजीवादी राष्ट्र है, जबकि सोवियत संघ साम्यवादी 'विश्व के मजदूरों एक हो जाओ' की साम्यवादी घोषणा 'बुर्जुआ पूँजीवादी व्यवस्था' को नष्ट करने का खुला ऐलान था।

यहाँ पूँजीवादी राष्ट्र से तात्पर्य ऐसे राष्ट्रों से है जहाँ पूँजीवादी अर्थव्यवस्था को अपनाया गया है । अर्थात् जिन राष्ट्रों में उत्पत्ति के साधनों का प्रमुख भाग पूँजीवादी
उद्योगों में कार्यरत होता है । तथा निजी सम्पत्ति का अधिकार होता है ।

(16) शक्ति संघर्ष -

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् दो शक्तिशाली राष्ट्रों का उदय हुआ-अमेरिका और सोवियत संघ। इन दोनों

उल्लेखनीय है कि इजरायल, अमेरिका का पहले से ही प्रभावशाली मित्र था।

4. अंजुस (ANZUS)

- एशिया प्रशांत क्षेत्र में नॉटो का संस्करण, शीतयुद्ध के दौरान इसकी स्थापना अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड द्वारा मिलकर की गयी। यह उल्लेखनीय है कि चीन के साम्यवादी होने और कोरियाई संकट (1950) के बाद अमेरिका साम्यवाद के प्रसार को रोकने के लिए प्रतिबद्ध था।

• संयुक्त राज्य अमेरिका का वर्चस्व एवं इसका प्रतिरोध –

- विश्व राजनीति में USA का वर्चस्व –
- विश्व राजनीति में यदि कोई देश इतना शक्तिशाली हो जाये कि वह अन्य देशों के राजनीतिक, आर्थिक व सांस्कृतिक क्षेत्रों पर प्रभुत्व स्थापित कर ले तब इस अवधारणा को वर्चस्व कहा जाता है।

वर्चस्व तीन प्रकार से स्थापित किया जाता है –

(1) सैन्य शक्ति के रूप में वर्चस्व
(2) आर्थिक शक्ति के रूप में वर्चस्व
(3) सांस्कृतिक शक्ति के रूप में वर्चस्व

सैन्य शक्ति के रूप में –

शीत युद्ध की समाप्ति के पश्चात USA ने यह वर्चस्व स्थापित किया। 1990 ई. में जब ईराक ने कुवैत पर आक्रमण किया तब USA ने इस युद्ध में हस्तक्षेप किया जिससे पहला खाड़ी युद्ध प्रारम्भ हुआ।

USA ने इस युद्ध में अपने अभियान operation Desert storm तथा operation desert shield चलाये।

इस युद्ध में अत्याधुनिक तकनीकों व हथियारों का प्रयोग किया गया इसलिए इस युद्ध को 'कम्प्यूटर युद्ध' की संज्ञा दी गई।

इसके अलावा इस युद्ध का प्रसारण पूरे विश्व में किया गया।

इसलिए इसे video game युद्ध भी कहा जाता है।

- 1998 में तंजानिया के दार एस सलाम तथा केन्या के नैरोबी में USA के दूतावासों पर आंतकी हमले किए गये। इसका बदला लेने के लिए USA ने 'operation infinite reach' शुरू किया जिसके तहत् सूडान और अफगानिस्तान पर हमले किये गये।
- 11 सितम्बर 2001 को USA पर आतंकवादी हमला हुआ। ये हमले ओसामा बिन लादेन के नेतृत्व में अलकायदा द्वारा किये गये।
- इसकी प्रतिक्रिया में USA ने operation enduring freedom लांच किया। तथा अफगानिस्तान पर हमला करके तालिबान को सत्ता से हटा दिया।
- 2003 में USA ने ईराक पर हमला किया। इसे 'ईराकी फ्रीडम' नाम दिया गया। इस हमले का घोषित उद्देश्य नरसंहार के हथियारों को समाप्त करना था परन्तु इसका वास्तविक उद्देश्य ईराक के तेल संसाधनों पर अधिकार करना था। इस युद्ध में लगभग 50,000 लोग मारे गये तथा सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया जिन्हें 2006 में फाँसी दे दी गई।
- हाल ही में चल रहे रूस – यूक्रेन युद्ध में भी USA ने यूक्रेन की बढ़ चढ़कर सहायता की है।

(II) आर्थिक शक्ति के रूप में USA का वर्चस्व –

USA विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। विश्व के प्रमुख वित्तीय वैश्विक संस्थानों पर USA का वर्चस्व है।

जैसे – IMF, विश्व बैंक, आदि।

वैश्विक व्यापार में भी USA का हिस्सा लगभग 15% है जिससे संरक्षणवादी व उदारवादी व्यापारिक नीतियों को प्रभावित किया जाता है। यहाँ तक की WTO के निर्णय भी USA की सहमति से लिये जाते है। USA की मुद्रा डालर का प्रयोग वैश्विक भुगतानों के लिए किया जाता है। USA, वैश्विक व सार्वजनिक वस्तुओं को भी नियंत्रित करता है जैसे – समुद्री व्यापार मार्ग, इंटरनेट, वैश्विक सूचनाएँ आदि।

(III) सांस्कृतिक शक्ति के रूप में –

USA के द्वारा विभिन्न प्रकार की विचारधाराओं को प्रचलित किया गया जैसे –

(1) सफलता का सिद्धांत
(2) आधुनिकता की अवधारणा
(3) लोकतांत्रिक शासन

(I) USA के वर्चस्व में प्रतिरोध या बाधाएँ –

(1) अमेरिकी संविधान शक्ति के पूर्ण पृथक्करण के सिद्धांत पर आधारित है। अर्थात् कार्यपालिका कभी भी सर्वशक्तिशाली निकाय नहीं बन सकता।

6. विगत दशक में भारत पाकिस्तान संबंधों में आए परिवर्तनों पर लेख लिखिए ।
7. उन आधारों पर टिप्पणी कीजिए जो UNSC में भारत की स्थायी सदस्यता के दावे को मजबूत करते हैं ?
8. अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में क्या अमेरिया का वर्चस्व हमेशा बना रहेगा ? अपने विचार स्पष्ट कीजिए ।
9. सार्क क्या है ? इसके उद्देश्य एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालिए ।
10. गुट निरपेक्ष आंदोलन क्या है ? इस आंदोलन में भारत की भूमिका को समझाइये ।

अध्याय – 3

दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया एवं पश्चिम एशिया एवं सुदूर पूर्व में भू-राजनीतिक

1. पश्चिमी- एशिया और भारत

 # पश्चिमी एशिया के देश → आर्मेनिया, अजरबेजान, बहरीन, साइप्रस, जार्जिया, इराक, इजरायल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात और यमन ।

 # पश्चिमी एशिया में भारत के हित→

- भारत द्वारा सर्वाधिक ऊर्जा आयात इसी क्षेत्र से किया जाता है।
- बड़ी संख्या में भारतीय पश्चिमी एशिया में रोजगार प्राप्त करते है ।
- भारत को सर्वाधिक धन प्रेक्षण इसी क्षेत्र से प्राप्त होता है। अतः यह भारत की विदेशी मुद्रा का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है।
- भारतीय निर्यातों के लिये बाजार उपलब्ध होते है।
- पश्चिमी एशिया के कई देशों द्वारा भारत में निवेश किया जाता है। जैसे - सऊदी अरब द्वारा भारत में $100 बिलियन के निवेश की घोषणा की है ।
- इन देशों के माध्यम से पाकिस्तान पर दबाव बनाया जा सकता है ।
- अरब सागर की सुरक्षा हेतु यह क्षेत्र महत्वपूर्ण है।

 # अरब स्प्रिंग→ उत्तरी अफ्रीका और पश्चिमी एशिया के वे देश जहाँ अरबी भाषा बोली जाती है। अरब देश कहलाते हैं। इन देशों में तानाशाही शासन को लोकतंत्र से प्रतिस्थापित किया गया। इस घटना को अरब स्प्रिंग के नाम से जाना जाता है।

इसकी शुरुआत दिसम्बर, 2010 में ट्यूनिशिया से हुई। जहाँ मोहम्मद अली बेन का तानाशाही शासन समाप्त कर दिया गया ।

इसके पश्चात् मिश्र के लोगों ने तानाशाह होशनी मुबारक का तथा लीबिया में गद्दाफी का शासन समाप्त किया गया।

यमन के तानाशाह अब्दुल्ला सालेह का शासन भी समाप्त कर दिया गया ।

सीरिया में बशर-अल- असाद का तानाशाही शासन था जिसे सत्ता से हटाने लिये सुरक्षा परिषद् में प्रस्ताव लाया गया, परन्तु उसे रूस द्वारा वीटो कर दिया गया। इसी कारण सीरियाई गृहयुद्ध की शुरुआत हुई।

यमन का संकट → यमन के तानाशाह अब्दुल्ला सालेह के शासन में एक शिया नेता अल हुति ने अलगाववादी आंदोलन शुरू किया। इसके अनुयायियों को हुति विद्रोही कहा जाता है ।

अरब स्प्रिंग के समय अब्दुल्ला सालेह को सत्ता से हटा दिया गया तथा मसूर हदी सऊदी अरब के सहयोग से यहाँ के राष्ट्रपति बने । इसके शासन के दौरान हुति विद्रोही सशक्त होने लगे तथा उन्होंने यमन के एक बड़े भू-भाग पर अधिकार कर लिया। जिसके कारण मंसूर हदी को सऊदी अरब में शरण लेनी पड़ी। सऊदी अरब के नेतृत्त्व में सुन्नी देशों का संगठन बनाया गया, जिसने यमन पर हवाई हमले किये। इन हमलों से पूर्व भारत ने अपने नागरिकों को यमन से निकाल लिया। इसे "ऑपरेशन राहत" नाम दिया गया।

इन हमलों के कारण यमन में एक आर्थिक मानवीय संकट उत्पन्न हो गया। यमन को मिलने वाली खाद्य सहायता भी रोक दी गई, क्योंकि हमलों में यमन का होदीदा बंदरगाह भी नष्ट हो गया ' UN की मध्यस्थता से होदीदा बंदरगाह को पुनः शुरू करने के लिये एक समझौता किया गया। यद्यपि यह लागू नहीं हो सका ।

भारत पर यमन संकट के प्रभाव : -

(1) यमन में रहने वाले भारतीयों के समक्ष आजीविका का संकट उत्पन्न होगा।

(2) शिया-सुन्नी विवाद बढ़ेगा ।

(3) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभावित होगा।

(4) ईरान व सऊदी अरब के मध्य संघर्ष बढ़ा है।

(5) इस संकट का लाभ आतंकवादी संगठन आतंकवादी संगठन अलकायदा को हुआ है ।

 # चाबहार बंदरगाह :-

यह बंदरगाह ईरान में स्थित है जिसे भारत द्वारा विकसित किया जा रहा है। बंदरगाह के साथ - साथ चाबहार SEZ एवं चाबहार जाहेदा रेल लाइन का निर्माण भी किया जा रहा है ।

भारत के लिए इसका महत्व →

(1) भारत ईरान संबंध सुदृढ़ होंगे।

(2) पश्चिमी एशिया में भारत की बहुपक्षयिता की नीति को बल मिलेगा।

(3) भारत का आयात - निर्यात बढ़ेगा।

(4) ईरान में चीन के बढ़ते प्रभाव को कम किया जा सकता है ।

(5) अफगानिस्तान तथा मध्य एशिया से सम्पर्क स्थापित होगा।

 # गल्फ - को- ऑपरेशन काउंसिल (GCC) / खाड़ी सहयोग संगठन –

स्थापना - 1981 में ।

मुख्यालय - रियाध (सऊदी अरब)

सदस्य देश सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, कतर, UAE, ओमान

यह पश्चिमी एशिया में सुन्नी देशों का संगठन है

 # (organaisation of petrolium exporting Countries - OPEC)

स्थापना – 1960 - ई.

सदस्य देश - 13 (कतर के बाहर होने के बाद)

मुख्यालय - विएना (ऑस्ट्रिया)

कार्य - अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों को नियंत्रित करना । इसके लिये तेल की आपूर्ति पर नियंत्रण स्थापित किया जाता है।

 # प्रथम अरब- इजरायल युद्ध :-

14 मई 1948 में येरुशलम क्षेत्र को ब्रिटेन द्वारा आजाद करने से इसी दिन इजरायल नामक नये देश की स्थापना हुई।

15 मई 1948 को अरब देशों ने इजरायल पर आक्रमण कर दिया । यह युद्ध लगभग 1 वर्ष तक चला । इसे प्रथम अरब – इजरायल युद्ध कहते है।

six - Day war

5 जून 1967 से 10 जून 1967 के मध्य यह युद्ध इजरायल और अरब देशों के गठबंधन के बीच हुआ।

इस युद्ध में इजरायल की जीत हुई। तथा इजरायल ने गांजा पट्टी, वेस्ट बैंक येरुशलम, गोलन पहाडियों तथा सिनाई प्रायद्वीप पर अधिकार कर लिया ।

 # कैम्प डेविड समझौता –

1978 में यह समझौता USA की मध्यस्थता से इजरायल और मिश्र में हुआ था। मिश्र को सिनाई प्रायद्वीप वापस दे दिया गया। 1979 में मिश्र और

भारतीय सरकार रोहिंग्याओं को अवैध घुसपैठियाँ मानती है क्योंकि इन्होंने म्यांमार से सीधे प्रवेश न करके बांग्लादेश से भारत में प्रवेश किया है।

भारत के लिए म्यांमार का महत्व : -

(1) प्रवेश म्यांमार को दक्षिण - पूर्वी एशिया का द्वार कहा जाता है '

(2) इसके माध्यम से उत्तर - पूर्वी राज्यों से जुडने हेतु वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होता है।

(3) उत्तर-पूर्वी राज्यों के विकास के लिए।

(4) उत्तर-पूर्वी राज्यों में विभिन्न विद्रोही संगठन सक्रिय हैं। जिन्हें म्यांमार में शरण मिलती है। इनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिये म्यांमार का सहयोग आवश्यक है।

(5) भारत और म्यांमार के बीच 1643 km लंबी सीमा है। जिसके प्रबंधन हेतु म्यांमार का सहयोग आवश्यक है।

(6) Look east और Art east नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु म्यांमार का सहयोग आवश्यक है।

(7) म्यांमार के साथ भारत के सांस्कृतिक संबंध है।

(8) भारतीय समुदाय के कई लोग म्यांमार में निवास करते हैं -

महत्वपूर्ण प्रश्न :-

Q1. पश्चिम एशिया के किन्हीं पाँच देशों के नाम लिखिए ।

Q2. पश्चिमी एशिया में भारत के हितो को समझाइये।

Q3. यमन संकट क्या है? प्रकाश बलिए ।

Q.4 'अरब स्प्रिंग' को समझाइये ।

Q.5 भारत के लिए चाबहार बंदरगाह का क्या महत्व है?

Q.6 खाड़ी सहयोग संगठन में कौनसे देश सम्मिलित हैं?

Q.7 अरब देशों व इजरायल के मध्य चले संघर्ष का वर्णन कीजिए।

Q.8 अब्राहम समझौता क्या है?

Q.9 भारत के लिए म्यांमार का क्या महत्व है?

Q.10 म्यांमार में चले लोकतंत्र के लिये संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए म्यांमार में लोकतंत्र की स्थापना में व्याप्त बाधाओं को समझाइये ।

प्रिय दोस्तों, अब तक हमारे नोट्स में से अन्य परीक्षाओं में आये हुए प्रश्नों के परिणाम देखने के लिए क्लिक करें -

RAS PRE. - https://www.youtube.com/watch?v=p3_i-3qfDy8&t=1253s

Rajasthan CET (Graduation)-2023 - https://youtu.be/gPqDNlc6UR0

VDO PRE. - https://www.youtube.com/watch?v=gXdAk856W18&t=202s

Patwari - https://www.youtube.com/watch?v=X6mKGdtXyu4&t=2s

PTI 3rd grade - https://www.youtube.com/watch?v=iA_MemKKgEk&t=5s

SSC GD – 2021 - https://youtu.be/2gzzfJyt6vI

EXAM (परीक्षा)	DATE	हमारे नोट्स में से आये हुए प्रश्न
RAS PRE. 2021	27 अक्तूबर	74 प्रश्न आये
SSC GD 2021	16 नवम्बर	68 (100 में से)
SSC GD 2021	30 नवम्बर	66 (100 में से)
SSC GD 2021	08 दिसम्बर	67 (100 में से)
राजस्थान S.I. 2021	14 सितम्बर	119 (200 में से)
राजस्थान S.I. 2021	15 सितम्बर	126 (200 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	23 अक्तूबर (1st शिफ्ट)	79 (150 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	23 अक्तूबर (2nd शिफ्ट)	103 (150 में से)

RAJASTHAN PATWARI 2021	24 अक्तूबर (2nd शिफ्ट)	91 (150 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	27 दिसंबर (1st शिफ्ट)	59 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	27 दिसंबर (2nd शिफ्ट)	61 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	28 दिसंबर (2nd शिफ्ट)	57 (100 में से)
U.P. SI 2021	14 नवम्बर 2021 1st शिफ्ट	91 (160 में से)
U.P. SI 2021	21नवम्बर2021 (1st शिफ्ट)	89 (160 में से)
Rajasthan CET Gradu. Level	07 Janu.2023(1st shift)	96 (150 में से)

& Many More Exams like UPSC, SSC, Bank Etc.

नोट्स खरीदने के लिए इन लिंक पर क्लिक करें

Whatsapp - https://wa.link/uwc5lp

Online order - https://bit.ly/3X6MGue

Call करें 9887809083